**भारत निर्वाचन आयोग**
**प्रेस नोट**
**25 जून, 2025**

**उपचुनावों में ECINET संचालन प्रारंभ**
**निर्वाचन आयोग ने उपचुनावों के लिए 72 घंटे के भीतर इंडेक्स कार्ड जारी किए**

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने हाल ही में सम्पन्न हुए पांच विधानसभा क्षेत्रों — केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल — में हुए उपचुनावों में अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ECINET का संचालन शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष 4 मई को ECINET के विकास की घोषणा की थी। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जिसमें आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन एकीकृत किए गए हैं। उपचुनावों में ECINET के कुछ मॉड्यूल्स का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हुआ, जो आने वाले हफ्तों में पूरी तरह से चालू हो जाएंगे।

**ECINET, मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में शुरू की गई कई पहलों में से एक है।** इसका उद्देश्य मतदाताओं और अन्य हितधारकों के लिए समय पर और अद्यतन चुनाव संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है।

उपचुनावों के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि अब मतदान केंद्रों पर नियुक्त पीठासीन अधिकारियों (Presiding Officers - PrO) ने सीधे ECINET पर मतदाता टर्नआउट रिपोर्ट (VTR) अपलोड की। इससे पहले यह कार्य मैनुअली किया जाता था। इससे जानकारी तुरंत साझा करने, पारदर्शिता बढ़ाने और VTR डेटा जारी करने में लगने वाले समय में उल्लेखनीय कमी आई। PrO से यह सुनिश्चित किया गया कि वे अपने मतदान केंद्र छोड़ने से पहले अंतिम VTR डेटा अपलोड करें। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता के लिए VTR रुझान बहुत तेजी से ECINET पर उपलब्ध हो गए।

ECINET की शुरुआत का एक और बड़ा परिणाम यह रहा कि अब इंडेक्स कार्ड (Index Cards) बहुत तेजी से प्रकाशित हो रहे हैं। मतदान परिणामों की घोषणा के 72 घंटे के भीतर ये कार्ड उपलब्ध करा दिए गए। आयोग ने इस प्रक्रिया को डिजिटल और तेज करने का निर्णय इस महीने की 5 जून को लिया था। नए सिस्टम में अधिकांश डेटा फील्ड ECINET के इनपुट्स से स्वतः भरे जा रहे हैं। पहले यह प्रक्रिया पूरी तरह मैनुअल थी और इसमें कई दिन, सप्ताह या कभी-कभी महीने लग जाते थे।

**इंडेक्स कार्ड क्या है?**
इंडेक्स कार्ड एक गैर-वैधानिक (Non-statutory) लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण रिपोर्टिंग फॉर्मेट है, जिसे 1980 के दशक के अंत में आयोग ने स्वयं शुरू किया था। इसका उद्देश्य निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनाव संबंधी डेटा सभी हितधारकों — शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, पत्रकारों और आम जनता — के लिए सुलभ बनाना है।

इंडेक्स कार्ड में निम्न जानकारियां होती हैं:

1. प्रत्याशियों की जानकारी
2. मतदाताओं की संख्या
3. मतदान और मतगणना के आंकड़े
4. पार्टीवार और प्रत्याशीवार वोट प्रतिशत
5. लिंग आधारित मतदान पैटर्न
6. क्षेत्रीय विविधताएं
7. राजनीतिक दलों के प्रदर्शन आदि जैसी कई जानकारियां होती है।

ये रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के उपचुनाव टैब पर उपलब्ध है।
https://www.eci.gov.in